S. No.	Date	Publication	Headline	Edition
4	19th January 2024	Punjab Kesari	Havells expands retail footprint in North India; launches Home Art Light Store in Amritsar, Punjab	Print Chandigarh

हैवेल्स ने उत्तर भारत में खुदरा कारोबार का विस्तार किया, अमृतसर में हैवेल्स होम आर्ट लाइट स्टोर लॉन्च

अमृतसर, 18 जनवरी (बी.एन.-1895): हैवेल्स होम आर्ट लाइट ने आज अमृतसर में अपने विशेष रिटेल शोरूम, होम आर्ट लाइट ब्रांड शॉप के उद्घाटन किया है। इसके साथ ही इसने अपनी खुदरा उपस्थिति का उत्तर भारत में विस्तार किया है। हैवेल्स इंडिया के भारत के अग्रणी लाइट ब्रांड्स में से एक है। यह शोरूम मॉल ऑफ अमृतसर, अमृतसर (पंजाब) के सामने, सी.बी. टॉवर के केंद्र में स्थित है। होम आर्ट लाइट ब्रांड शॉप स्टोर अमृतसर के लोगों को सभी लाइट संबंधी समाधान मुहाया करवाएगा। यह झूमर, पेंडेंट, दीवार रोशनी, वास्तुशिल्प और छत फिक्स्चर जैसी सजावटी रोशनी के उत्पाद लेकर आया है। स्टोर का उद्घाटन प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक और श्री अश्वनी शर्मा,

संयुक्त महाप्रबंधक हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने किया।

यह रिटेल शोरूम नवीनतम तकनीक के साथ स्टाइलिश व उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पेश करेगा, यह न केवल उत्कृष्ट प्रकाश व्यवस्था और समकालीन लुक प्रदान करेंगे, बल्कि एनर्जी एफिशिएंट भी होंगे। इस दौरान प्रवीण कुमार व अश्वनी शर्मा ने कहा कि हम होम आर्ट लाइट ब्रांड शॉप एक्सक्लूसिव के साथ भारत के उत्तरी क्षेत्र में अपने रिटेल व्यवसाय को और अधिक बढ़ा कर बेहद उत्साहित हैं।